प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि कल : कई उम्मीदवारों ने आज जमा किये नामांकन पत्र।
2. आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने लॉन्च किया सी–विजिल ऐप : घर से करें शिकायत, 100 मिनट में होगो कार्रवाई।
3. टनकपुर में प्रसिद्ध पूर्णागिरि देवी मेला शुरू : भक्तों की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने बरेली से टनकपुर के लिये 20 नई बसें चलाईं।

और

4. प्रदेश में कई जगहों पर आज भी दिखा होली का उत्साह : मथुरा में मनाया गया ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा।

————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन की कल अंतिम तिथि है। इस चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया तेज हो गई है। आज मुजफ्फरनगर से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी संजीव बालियान, शामली से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी इकरा हसन और सहारनपुर से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद और और बसपा के माजिद

अली ने अपना नामांकन किया। वहीं मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र जमा किया।

पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए आज नामांकन के चौथे दिन कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये और 8 भावी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अनीश अहमद खान उर्फ फूल बाबू और निर्दलीय प्रत्याशी आदर्श पांडे शामिल हैं। इसके साथ ही पीलीभीत में नामांकन पत्र दाखिल करने वालों की संख्या चार हो गई है। पोलीभीत से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जितिन प्रसाद कल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

रामपुर में अब तक 6 निर्दलीय प्रत्याशियों, नगीना में छह और बिजनौर में चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है।

गौरतलब है कि इस चरण के लिए प्रदेश की 8 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया इस महीने की 20 तारीख को शुरू हुई थी। 28 तारीख को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 तारीख तक प्रत्याशी अपने नामांकन पत्रों की वापसी कर सकेंगे। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे और मतगणना 4 जून को होगी।

—————————

प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पिछले लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी उत्तर प्रदेश में चुनाव की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है।

*पहले चरण में लोकसभा की आठ सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत के लिए चुनाव होगा। प्रथम चरण के आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ 43 लाख मतदाता हैं। 19 अप्रैल को इन सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। वर्ष 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में इन आठ सीटों में से भाजपा ने तीन सीटें कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत जीती थीं। बसपा ने भी तीन सीटें सहारनपुर, बिजनौर और नगीना और सपा ने मुरादाबाद और रामपुर की सीटें जीती थीं। हालांकि, रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में यह सीट भाजपा के खाते में चली गई थी। पिछले चुनाव में सपा, बसपा और रालोद ने मिलकर चुनाव लड़ा था, इस बार रालोद भाजपा के साथ है, जबकि सपा और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मुजफ्फरनगर की लोकसभा सीट पर भाजपा ने संजीव बालियान, सपा ने हरेंद्र सिंह मलिक और बसपा ने दारा सिंह प्रजापति को प्रत्याशी बनाया है। कैराना लोकसभा सीट पर बीजेपी ने तीन बार विधायक रहे और मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी पर ही भरोसा जताकर टिकट फाइनल किया है। सपा ने इकरा हसन और बसपा ने श्रीपाल राणा को अपना प्रत्याशी बनाया है। आकाशवाणी समाचार के लिए लखनऊ से ओम अवस्थी।*

—————————

चुनाव आयोग सी–विजिल ऐप के जरिए चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। यह ऐप आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए

है। लोकसभा चुनावों में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने में सी–विजिल ऐप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मोबाईल ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन जैसे धनराशि या शराब बांटने संबंधी सूचना मिनटों में दे सकता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि यह सी–विजिल ऐप नागरिकों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार देता है और सौ मिनट के अंदर कार्यवाही का आश्वासन भी देता है। यह सी–विजिल ऐप सतर्क नागरिकों को सीधे जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फ्लाइंग स्क्वाड टीम से जोडता है। इस ऐप का उपयोग करके, कोई भी नागरिक राजनीतिक कदाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट चुनाव आयोग को कर सकता है और इसके लिये उन्हें रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा इस ऐप के माध्यम से आम नागरिक अपनी शिकायत पर हुई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

उत्तराखण्ड के टनकपुर में प्रसिद्ध पूर्णागिरि देवी मेले का आज से शुभारम्भ हो रहा है। इसको लेकर उत्तराखण्ड की सीमा से सटे प्रदेश के पीलीभीत जनपद में भी व्यापक तैयारियां की गई हैं। पीलीभीत से टनकपुर के बीच संचालित उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की 5 बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं और टनकपुर–बरेली वाया पीलीभीत, परिवहन निगम की 20 नई बसों का संचालन शुरू किया गया है। तीर्थ यात्रियों के आवागमन को लेकर उनके ठहरने के लिए पंडालों और भोजन के लिए भंडारों आदि की व्यवस्था कई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा की गई हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में "भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा" की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भगवान नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी और उन्हें नारियल, गुझिया के साथ फूल और गुलाल अर्पित किया। भगवान नरसिंह की पूजा के बाद

मुख्यमंत्री ने लोगों पर फूल और गुलाल बरसाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां समाज सुखी हो होगा, समृद्ध होगा, सुरक्षित होगा, वहीं पर उत्साह और उमंग होगा। यह त्योहार इस बात को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि इस बार अयोध्या में रामलला ने भी होली खेली और आशीर्वाद व कृपा लोगों पर बरसाई।

वहीं बलरामपुर के तुलसीपुर नगर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर होली के दूसरे दिन पारंपरिक ढंग से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत योगी मिथलेश नाथ के संरक्षण में शक्ति पीठ से निकली इस शोभायात्रा नें पूरे नगर में भ्रमण किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा अबीर–गुलालव फूलों की होली खेली गई।

——————

होली का उत्साह आज भी प्रदेश में कई जगहों पर देखने को मिल रहा है। मथुरा में आज ब्रज के राजा दाऊजी महाराज का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा मनाया गया। हुरंगा पर हुरियारनों ने नृत्य महारास किया। इसे देखने लोगों का जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान बैंड–बाजे की धुन पर होली गीतों का गायन किया गया। सैकड़ों महिलाओं ने परंपरागत पोशाक लहंगा, फरिया, स्वर्ण आभूषण पहनकर गायन के साथ नृत्य किया।

पीलीभीत के माधोटांडा में आज महिलाओं ने होली खेली। महिलाएं गांव के ठाकुरद्वारा मंदिर में एकत्र हुईं, जहां एक दूसरे को रंग लगाकर खूब जश्न मनाया। वहां पहुंचे कई नवयुवकों को भी रंग लगाया गया। माधोटांडा में होली पर्व के अगले दिन की होली महिला सशक्तिकरण को समर्पित होती है और महिलाओं के डर से पुरुष घरों से चले जाते हैं।

अमरोहा के चोटीपुरा स्थित श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल प्रांगण में आज होली का विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रह्मत्व का आयोजन किया गया।

होली के विशेष मंत्रों के साथ इस ऋतु की नवीन फसल चना, जौ आदि की यज्ञ में आहुति दी गई। यज्ञ के बाद सुगंधित वातावरण में रंग बिरंगे फूलों और गुलाल से होली खेली गई और होली के गीत गाए गए।

होली को सकुशल संपन्न कराने के बाद आज जौनपुर पुलिस लाइन म पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा की अगुआई में पुलिस ने होली खेली। इस दौरान होली मिलन समारोह में पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने एक दुसरे को रंग लगा कर होली की बधाई दी। वहीं हापुड़ की रिजर्व पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह में पुलिसकर्मियों ने एक द्सरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह में एसपी हापुड़

अभिषेक वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी  मौजूद रहे।

———————

फिरोजाबाद में रोडवेज बस खाई में पलटने से करीब 15 यात्री घायल हो गए। घायलों को संयुक्त चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस एटा से शिकोहाबाद की ओर आ रही थी।

(समाप्त)